हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of Education Act, 1969)

# प्रैस नोट

No. BSEH/SRS/2025 Date:- 19-05-2025

Notification No. 57

सीनियर सैकेण्डरी के नियमित/स्वंयपाठी परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम दिनांक 13.05.2025 व सैकेण्डरी के नियमित/स्वंयपाठी परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम दिनांक 17.05.2025 को घोषित किया जा चुका है। सीनियर सैकेण्डरी के जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम कम्पार्टमैंट घोषित हुआ है, की जुलाई–2025 एक दिवसोय परीक्षा हेतु एवं सैकेण्डरी के मार्च–2025 के जो नियमित परीक्षार्थी मार्च–2025 की परीक्षाओं में प्रविष्ट नहीं हो सके अथवा जिनका परिणाम कम्पार्टमैंट घोषित हुआ है तथा जो परीक्षार्थी अपने परिणाम से संतुष्ट नहीं है वे आंशिक/पूर्ण विषयों की परीक्षा तथा सैकेण्डरी के जिन परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम अनुत्तीर्ण घोषित हुआ है वे Fresh Category में बतौर स्वंयपाठी परीक्षार्थी जुलाई–2025 की परीक्षा हेतु बोर्ड वैबसाईट www.bseh.org.in पर ऑन–लाईन आवेदन/पंजीकरण कर सकते है। परीक्षा हेतु आवेदन/पंजीकरण के लिए शुल्क एवं तिथियां निम्न प्रकार होगीः–

| | |
|---|---|
| 950/–रूपये बिना विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथिः– | 20.05.2025 से 29.05.2025 |
| 100/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित आवेदन करने की तिथिः– | 30.05.2025 से 03.06.2025 |
| 300/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित आवेदन करने की तिथिः– | 04.06.2025 से 08.06.2025 |
| 1000/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित आवेदन करने की तिथिः– | 09.06.2025 से 13.06.2025 |

आवेदन के साथ–साथ परीक्षा शुल्क का ऑन–लाईन समायोजन बोर्ड द्वारा निर्धारित बैंक खाते में होना आवश्यक है, इसलिए आवेदनकर्त्ता समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें। अन्तिम तिथि उपरान्त कोई आवेदन फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा। आवेदन के समय किसी प्रकार की कठिनाई आने पर बोर्ड वैब–साईट पर जारी हैल्पलाईन नम्बर/ई0मेल पर सम्पर्क करते हुए समाधान करना सुनिश्चित करेंगे।

सचिव